मॉडल प्रश्न–पत्र–III

कक्षा – बारहवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति व खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (I) है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (II) है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(खण्ड–अ)

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) सुजकी लि. को सुनामी के कारण हानि हुई–

(अ) प्राकृतिक कारण (ब) मानवीय कारण

(स) आर्थिक कारण (द) राजनैतिक कारण

(ii) भारतीय कम्पनी अधिनियम लागू हुआ है–

(अ) 1951 (ब) 1955

(स) 1956 (द) 1957

(iii) हेनरी फेयोल ने प्रबंध के कितने सिद्धांत प्रतिपादित किए है–

(अ) 10 (ब) 12

(स) 14 (द) 15

(iv) भर्ती का सर्वाधिक प्रसिद्ध स्रोत है–

(अ) विज्ञापन (ब) विपणन

(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(v) बीजक कितने प्रकार के होते हैं–

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(खण्ड–ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 7 = 7)

(i) नाबार्ड का पूरा नाम .... है।

(ii) योजना .... पर आधारित है।

(iii) योजना प्रबंध का .... कार्य है।

(iv) वाणिज्यिक बैंक .... ऋण प्रदान नहीं करती है।

(v) .... से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई।

(vi) .... वस्तुएँ जो परिवारों एवं अंतिम उपभोक्ताओं के उपयोग के लिए होती है।

(vii) फुटकर व्यापार में .... वस्तुओं का व्यापार होता है।

(खण्ड–स)

(स) सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 8 = 8)

(i) केवल पुराने कर्मचारी को प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

(ii) प्रबंध की प्रथम प्रक्रिया नियंत्रण है।

(iii) एफ. आर. डब्ल्यू टेलर ने प्रबंध के 10 सिद्धांत प्रतिपादित किए है।

(iv) निर्देशन प्रबंध का कार्य रूप है।

(v) समन्वय निम्न स्तर के प्रबंधकों का कार्य है।

(vi) भारत की अर्थव्यवस्था पूँजीवादी है।

(vii) शेयर बाजार में समता अंशों को आसानी से बेचा जा सकता है।

(viii) एक स्थान से दूसरे स्थान तक माल को भौतिक रूप से पहुँचाना परिवहन कहलाता है।

प्रश्न 2. कुरियर सेवा से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 3. वैश्वीकरण से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 4. साझेदारी व्यवसाय के दो लाभ लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 5. संयुक्त हिन्दू परिवार के मुखिया को क्या कहते हैं ? (2)

प्रश्न 6. छोटे व्यवसाय की दो विशेषताएँ लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 7. वैज्ञानिक प्रबंध से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 8. नियंत्रणके महत्व के दो कारण लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 9. थोक व्यापार से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 10. समता पर व्यापार क्या है ? (2)

प्रश्न 11. ऋण पत्र के दो लाभ लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 12. अधिकृत पूँजी का क्या अर्थ है ? (2)

प्रश्न 13. शेयर बाजार के दो कार्य लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 14. भंडार गृह के तीन लाभ लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 15. एकाकी व्यापार व साझेदारी व्यवसाय में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन) (1+1+1=3)

प्रश्न 16. विकेन्द्रीकरण के तीन लाभ लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 17. निर्देशन के तीन उद्देश्य लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 18. एक कम्पनी के कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिए तीन गैर वित्तीय प्रेरणाओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 19. विज्ञापन के तीन उद्देश्य लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 20. प्रबंध के चार उद्देश्य लिखए। (1+1+1+1=4)

अथवा

प्रबंध के चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. प्रबन्धकों के दृष्टिकोण से समता अंशों के चार गुण लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

भारत में लघु व्यवसाय की भूमिका का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22. वर्तमान अर्थव्यवस्था में मुद्रा के चार महत्व लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

पूँजी संरचना के किन्हीं चार निर्धारक तत्वों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. विज्ञापन के चार महत्व लिखिए। (1+1+1+1=4)

अथवा

विक्रय और विपणन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 24. भर्ती के आंतरिक स्रोतों के पाँच लाभों का वर्णन कीजिए। (1+1+1+1+1=5)

अथवा

चयन की प्रक्रिया में निहित विभिन्न चरणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. वस्तु अथवा सेवा के मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5

अथवा

विपणन की पारम्परिक अवधारणा व विपणन की आधुनिक अवधारणा में पाँच अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 26. विपणन मिश्रण के तीन घटकों का वर्णन कीजिए। (2+2+2=6)

अथवा

विपणन की तीन महत्वपूर्ण क्रियाओं की वर्णन कीजिए। (2+2+2=6)

प्रश्न 27. विदेशी व्यापार की छः कठिनाइयाँ लिखिए। (1+1+1+1+1+1=6)

अथवा

सुपर बाजार के छः लाभ लिखिए। (1+1+1+1+1+1=6)